वार्षिकोत्सव 'इंस्पायर 2016' में मेरिट होल्डर सम्मानित

लक्ष्मणगढ़ (नि.स.)। मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित मरूधरा ग्रुप ऑफ एजुकेशन का वार्षिकोत्सव 'इंस्पायर 2016' समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में मरूधरा पोलिटेक्निक कॉलेज के प्राविधिक शिक्षा द्वारा जारी मेरिट में आये नौ छात्रों को सम्मानित किया गया तथा 2012 बैच के विद्यार्थियो को डिप्लोमा वितरित किये गये। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मेरिट में आये छात्रों को संस्था निदेशक भागीरथ सिंह ढ़ाका द्वारा 2100-2100 रूपये नकद पुरस्कार व मेडल दिये गयें। कार्यक्रम में मरुधरा पॉलिटेक्निक के एकेडमिक हैड मुकेश कुमार ढ़ाका, मरुधरा बीएड के प्राचार्य प्रेसिंह मूंड, समाज सेवी नेक मोहम्मद, पूर्व एबीइओ युसुफ पठान, एडवोकेट प्यारेलाल मीणा, जाफर खां सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तैयब अली, नरेन्द्र जांगिड व संजीव लमोरिया ने किया।

मरुधरा पॉलिटेक्निक के 9 छात्र राज्य मेरिट में

लक्ष्मणगढ.। प्राविधिक षिक्षा मण्डल जोधपुर द्वारा घोषित मेरिट में मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित मरुधरा पॉलिटेक्निक कॉलेज के 9 छात्रों ने बाजी मारकर संस्थान तथा क्षैत्र का राज्य में नाम रोषन किया। संस्थान के परीक्षा नियंत्रक नरेन्द्र जांगिड़ ने बताया कि संस्थान के आर्किटेक्चर ब्रांच के अर्जुनराम ज्याणी ने चौथा, मुन्नीराम ज्याणी ने सातवां, सिकंदर गौरी ने छठा, चिराग सिंह ने आठवां, छोटेलाल सैनी ने दसवां, जियात सिद्दीकी सातवां, रोहिताष्व कुदालिया ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सिविल ब्रांच के राणाराम ने आठवां, आषाराम जाट ने दसवां स्थान प्राप्त किया।

प्यासें पक्षियों के लिये अग्रसेन सर्किल पर लगाये परिण्डे

टाइम्स रिपोर्टर

जयपुर। राजस्थान जन मंच व पक्षी चिकित्सालय ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान में प्यासें पक्षियों के लिए परिण्डें लगाये गये। इस अवसर पर पानी के लिए परिण्डें तथा पक्षियों के दानें के लिये ट्रे का निःषुल्क वितरण भी किया गया।

निःशुल्क परिण्डों का हुआ वितरण

निःषुल्क परिण्डा एवम् टेऊवितरण कार्यक्रम में शहर की प्रतिष्ठित, सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया इस अवसर पर अग्रसेन सर्किल पर एक सभा का आयोजन भी किया गया।

सभा की अध्यक्षता भारतीय गौवंष रक्षण एवम् सवर्द्धन परिषद के संरक्षक दामोदर दास मोदी ने की, मुख्य अतिथि के रूप में राजेष मीणा तथा पक्षी चिकित्सालय के संचालक कमल लोचन ने सभा को सम्बोधित किया।

समारोंह अध्यक्ष दामोदर दास मोदी ने अपने उद्बोधन में सभी जीवों के महत्व को बताते हुये कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये पक्षियों का एक निष्चित संख्या में पृथ्वी पर बना रहना अति आवष्यक है। इनके अभाव में पृथ्वी की उर्वरा शक्ति समाप्त हो जायेगी। उन्होनें सरकार द्वारा चुग्गा स्थल हटाने की कार्यवाहीं को गलत व गैर-कानूनी बताया।

मुख्य अतिथि संजीवनी चैरीटेबल ट्रस्ट के राजेष मीणा ने जीवों के प्रति दया की बात पर बल देते हुए कहा कि मानव जीवन को बचाने के लिये पषु-पक्षियों कें बचाना होगा। कोई भी एक कड़ी समाप्त होने पर पृथ्वी से जीवन हीं समाप्त हो जायेगा। कार्यक्रम में गिरधारी लाल, जगदीष कुष्वाह, ए.के. ऋषि, बनवारी लाल विजय, प. श्रीकृष्ण शर्मा, षिवराम गोस्वामी, राजीव जोषी, छगल लाल शर्मा, राजेन्द्र लुहाड़िया सहित अनेकों लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम संयोजक कमल लोचन ने जानकारी देते हुए कहा कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अप्रैल माह से हीं परिण्डा वितरण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाता है, इसके अन्तर्गत विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक पार्को में प्यासें पक्षियों के लिए मट्टी के परिण्डे एवं ज्वार-बाजरे के लिए लोहे की ट्रे लगाने के अभियान के अन्तर्गत आज सी-स्कीम व अग्रसेन सर्किल पर परिण्डें लगाये गये एवं निःषुल्क वितरण भी किया गया।

भारतीय युवा कॉग्रेंस की रैली के सम्बन्ध में

टाइम्स रिपोर्टर

जयपुर। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) मनीष अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 12.05.2016 को अषोक चांदना प्रदेषाध्यक्ष, युवा कॉग्रेंस द्वारा एक पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि विमंदित बच्चों की मृत्यु पर प्रषासन के उदासीन रवैये व राज्य के मंत्री द्वारा कोई ठोस कदम ना उठाने व पूर्ण मामले की सी.बी.आई. से जांच कराने की मांग को लेकर दिनांक 15.05.2016 को प्रातः 09.00 बजे से युवा कॉग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बडी संख्या में 22 गोदाम सर्किल से रैली के रूप में सिविल लाईन्स की ओर राम मन्दिर सर्किल से विरोध प्रदर्षन करना प्रस्तावित हैं।

इस पर कार्यालय पुलिस उपायुक्त दक्षिण जयपुर द्वारा दिनांक 13.05.2016 को अषोक चांदना को उपरोक्त रैली के सम्बन्ध में सूचित किया गया कि दिनांक 15.05.2016 को प्रातः 09.00 बजे से 22 गोदाम के सर्किल से रैली के रूप रवाना होकर सिविल लाईन की ओर राम मन्दिर सर्किल पर विरोध प्रदर्षन करने की अनुमति चाही गई, इस सम्बन्ध में थानाधिकारी अषोकनगर, सोडाला व सहायक पुलिस आयुक्त अषोकनगर, सोडाला की अभिमत रिपोर्ट के आधार पर 22 गोदाम सर्किल से राम मन्दिर सर्किल तक वीआईपी मार्ग, सिविल लाईन क्षेत्र में धारा 144 सीआरपीसी लगी होने व यातायात का अत्यधिक दबाव होने के कारण अनुमति नही दी जाती हैं। इस मार्ग के स्थान पर आपको वैकल्पिक मार्ग के रूप में 22 गोदाम सर्किल के पास खाली पडी भूमि पर एकत्रित होकर सहकार सर्किल, राजमहल टी पोईंट से सिविल लाईन फाटक तक रैली निकालने व प्रदर्षन करने की अनुमति दी जा सकती हैं। इस सम्बन्ध में आप विचार कर इस कार्यालय को अवगत करावें। इस बाबत् अषोक चांदना द्वारा उपरोक्त पत्र का कोई जबाव नही दिया गया, नाही किसी प्रकार की अनुमति चाही गई। इसके उपरान्त भी आज दिनांक 15.05.2016 को प्रातः 09.00 बजे से बिना अनुमति के अषोक चांदना के नेतृत्व में युवा कॉग्रेंस व कॉग्रेंस पार्टी के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता 22 गोदाम पुलिया के पास मंच लगाकर करीब 350-400 कार्यकर्ता एकत्रित हुये।

पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा कार्यकताओं को सम्बोधित किया गया। तत्पष्चात् समय करीब 12.00 पीएम पर अषोक चांदना व पार्टी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में उपस्थित भीड उग्र नारेबाजी व प्रदर्षन करते हुये सिविल लाईन्स की ओर बैरिकेडिंग हटाकर जाने का प्रयास करने लगे। पुलिस जाप्ता द्वारा समझाईष करने पर उश्रेजित होकर पुलिस जाप्ता से धक्का मुक्की करने लगे व जबरदस्ती सिविल लाईन्स की ओर जाने लगे। रोकने पर पुलिस जाप्ता के साथ धक्का मुक्की करने पर पुलिस द्वारा पुनः समझाईष की गई।

जिस पर और अधिक उश्रेजित होने पर वाटर केनन का प्रयोग कर प्रदर्षनकारियों पर पानी की बौछार की जाकर बिखेरा गया। इस पर भी नही मानने पर लोक शान्ति विक्षुब्ध होने की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुये धारा 129 सीआरपीसी के प्रावधानो के अनुसार कार्यवाही कर प्रदर्षनकारियों को परिरूद्ध कर बसों में बिठाकर अन्यत्र छोडा गया।

स्पन्दन में निखरेगा नन्हीं प्रतिभाओं का हुनर

ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर का अवलोकन

टाइम्स रिपोर्टर

जयपुर। राजस्थान सरकार एवं आईसीआईसीआई फाउण्डेषन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ''विद्यालय एवं षिक्षक षिक्षा उन्नयन कार्यक्रम, राजस्थान'' के अन्तर्गत रा.उ.प्रा.वि. गांधी नगर में जारी ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर ''स्पन्दन-2016'' का रविवार को राजस्थान प्रारम्भिक षिक्षा परिषद, जयपुर की अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रिया बलराम शर्मा ने अवलोकन किया। उन्होंने समर कैम्प में संचालित गतिविधियों नृत्य, योगा, कम्प्यूटर, आर्ट, क्राफ्ट ओरेगेमी, थियेटर, सेल्फ डिफेन्स एवं संदर्भ केन्द्र/पुस्तकालय का कक्षा वार अवलोकन कर बच्चों एवं सन्दर्भ व्यक्तियों से चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। विद्यालय में उपस्थित षिक्षिका श्रीमती रेणु सेठ एवं आईसीआईसीआई फाउण्डेषन के कार्यक्रम अधिकारी श्री सुनील शेखर शर्मा से अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रिया बलराम शर्मा ने समर कैम्पस के बारे में विस्तार से चर्चा की। अतिरिक्त आयुक्त महोदया ने विद्यालय में चल रही गतिविधियों एवं विद्यालय के वातावरण की सराहना की तथा कहा कि इन्हीं प्रयासों से अब राजकीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के हुनर को भी नई ऊंचाईयां मिलेगीं। शिविर में करीब 250 बच्चे विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कैम्प प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार एवं आईसीआईसीआई फाउण्डेषन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ''विद्यालय एवं षिक्षक षिक्षा उन्नयन कार्यक्रम, राजस्थान'' के अन्तर्गत जयपुर, बारां एवं चूरू के 5 ब्लॉक में क्रमषः (जयपुर पूर्व, जयपुर पष्चिम व झोटवाड़ा, शाहबाद एवं सुजानगढ़) के 150 विद्यालय चयनित किए गये हैं। इन विद्यालयों में आर.टी.ई. अधिनियम 2009 के अनुरूप समस्त प्रावधानों की पालना सुनिष्चित कर मॉडल विद्यालय तैयार करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीष्म अवकाष के दौरान तीनों जिलों के 16 राजकीय विद्यालयों में ''स्पंदन-2016 सामूहिक सृजन एवं षिक्षण के अवसरों को तलाषने का मंच का आयोजन दिनांक 13 मई 2016 से किया जा रहा है। जयपुर में 6 राजकीय विद्यालयों (रा.मा.वि. पुलिस अकादमी, रा.उ.प्रा.वि. गांधी नगर, रा.मा.वि. ब्रह्मपुरी, रा.उ.प्रा.वि. मुरली मनोहर जी, रा.बा.उ.प्रा.वि. मोतीकटला, रा.उ.प्रा.वि. बांदरी का नासिक) में समर कैम्पस का आयोजन किया जा रहा है।

108 कुण्डीय विराट श्री श्याम महायज्ञ के निमित्त भूमि पूजन का भव्य कायक्रम सम्पन्न

टाइम्स रिपोर्टर

जयपुर। श्री श्याम आशीष परिवार रजि. जयपुर द्वारा दिनांक 11 एवं 12 जून 2016 को दशहरा मैदान आदर्श विद्या मन्दिर के पीछे सिन्धी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर पर 108 कुण्डीय विराट श्री श्याम महायज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम के निमित्त भूमि पूजन का कार्यक्रम यज्ञ स्थल दशहरा मैदान आदर्श विद्या मन्दिर के पीछे सिन्धी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर पर दिनांक 15.05.2016 को प्रातः 7.00 बजे पूर्ण विधि विधान से मंत्रोचार द्वारा किया गया तथा भूमि पूजन कर श्री श्याम ध्वजा फहराई गयी।

उपाध्यक्ष/प्रवक्ता चन्द्रप्रकाश खेतानी ने बताया कि यह कार्यक्रम परम श्रद्धेय संत शिरोमणी ब्रह्म ऋषि श्री श्री 108 स्वामी प्रज्ञानानन्द जी महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। महाराज श्री ने अपने प्रवचन में मानव जीवन में तप, जप एवं दान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए यह कहा कि प्रत्येक मानव को अपने मानव जीवन में इन सत्कर्मों को धारण करना चाहिए जिससे ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। भूमि पूजन का कार्यक्रम विख्यात पण्डित श्री सत्यनारायण शर्मा द्वारा पूर्ण विधि विधान से मंत्रोचार रीति से सम्पन्न कराया गया।

श्री श्याम महायज्ञ के भव्य कार्यक्रम के लिए यज्ञ स्थल पर 108 कुण्डों का संरचना की जायेगी तथा 7 मंजिला सिरकी की लकड़ियों का भव्य पण्डाल बनाया जायेगा तथा एक ही दिन में 2100 जोड़ों द्वारा ऊं श्री श्याम देवनाय नमः के सवा करोड़ महामंत्रों की आहूतियां दी जावेंगी। यह कार्यक्रम संस्था परिवार द्वारा विश्व शांति की मंगल कामना के लिए आयोजित किया जा रहा है। भूमि पूजन के कार्यक्रम में संस्था परिवार के मुख्य संरक्षक श्री अरविन्द चौधरी, अध्यक्ष राजेश फोफलिया, महामंत्री उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री अरविन्द अग्रवाल, मंत्री सुनील माहेश्वरी, नटवर हुरकट आदि पदाधिकारी, सदस्यगण एवं महिला मण्डल सदस्य शामिल रहे।

पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत जयपुर की सभी पंचायतों को सदस्यता प्रमाण-पत्र जारी करेगी

टाइम्स रिपोर्टर

जयपुर। जयपुर सिंधी समाज की षीर्ष संस्था पूज्य सिन्धी सेन्ट्रल पंचायत महानगर जयपुर ने तय किया कि जयपुर में समाज की सिंधी पंचायतों को सदस्यता प्रमाण पत्र जारी करेगी। यह बात संस्था के अध्यक्ष चंदीराम राघानी व महासचिव अनिल लोहाना ने रविवार को जनता कॉलोनी स्थित एचडीसी ग्रीन पार्क के सभागार में कार्यकारिणी की बैठक में कही। बैठक में कार्यकारिणी के 72 सदस्यों व समस्त सिंधी समाज के पंचायतों की मुख्यों ने सामूहिक रूप से इसका समर्थन देकर किया तथा अनिल लोहाना के संयोजन में एक समस्त सिंधी समाज की बहुउद्देशीय स्मारिका निकालने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर महासचिव चन्द्र प्रकाश खेतानी व लोहाना ने समस्त पंचायतों को निर्धारित 250/- रूपये प्रति वर्ष शुल्क जमा कराने तथा अपनी पूर्ण कार्यकारिणी व नाम पते मय मोबाईल नंबर के सेन्ट्रल पंचायत को भेजने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति व समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. लाल मोरानी ने संबोधित करते हुए बताया कि शीघ्र ही प्रताप नगर स्थित समस्त

सिंधी समाज के लिये जो निर्माणधीन सिंधी सागर भवन का प्रथम चरण इस वर्ष अक्टुबर निर्माण पूर्ण कर लोकार्पण करने की योजना है जिसमें हम सब पूर्ण सहयोग कर इस निर्माणधीन भवन के लिये दानदाताओं से सहायता लेगें।

प्रेस सचिव दौलत त्रिलोकानी ने बताया कि नव निर्मित सिंधी सागर भवन के प्रांगण में एक विशाल पारिवारिक गोठ का भी आयोजन इसी मानसुन के दौरान किया जायेगा। जिसमें बच्चों व महिलाओं के लिये सिंधी संस्कृति के कार्यक्रम व बहुत सारी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जायेगा।

इस सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम पारवानी, एनडी मंगलानी, रमेश चांवला, धर्मदास मोटवानी, लालचन्द कमलानी, चन्द्र रूपाणी, रामचन्द कमलानी, भगवान दास मोटवानी, ललित राजु, मोहन छतानी, देव सागर, बलदेव दरियानी, प्रदीप चौथरमानी, लालचन्द, जगदीश केशवानी, एनडी दाबानी, किशोर टहिलानी व समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। अंत में महासचिव लोहाना ने आगंतुकों का आभार जताते हुये उपस्थित सभी पंचायतों के पदाधिकारियों ने समाज के निम्न वर्ग के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने का आह्वान किया ।